भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 386
बुधवार, दिनांक 24 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

हरित सौर शहर

386. डॉ. नामदेव किरसानः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में हरित सौर शहर विकसित करने के लिए कोई निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन शहरों को चिह्नित करने हेतु क्या मानदंड तय किए गए हैं तथा उक्त उद्देश्य के लिए कितनी वित्तीय सहायता निर्धारित की गई है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री प्रल्हाद वेंकटेश जोशी)

(क) से (ग): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से कम से कम एक शहर का चयन करने का अनुरोध किया है जिसे सौर शहर के तौर पर विकसित किया जा सके। सौर शहर विकसित करने के संबंध में एक अवधारणा नोट राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परिचालित किया गया, जिसमें सौर शहरों के रूप में चिह्नित शहरों के विकास के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप देने और समयबद्ध तरीके से योजना को कार्यान्वित करने का अनुरोध किया गया। सौर शहर कार्यक्रम के लिए अलग से कोई निधि का आवंटन नहीं है और विभिन्न मौजूदा योजनाओं के तहत उपलब्ध निधियों का उपयोग सौर शहरों के विकास के लिए किया जा सकता है। अब तक, 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपने-अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सौर शहर चिह्नित किए हैं। उनके शहरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची अनुलग्नक में दी गई है।

अनुलग्नक

'हरित सौर शहर' के संबंध में पूछे गए दिनांक 24.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 386 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा चिह्नित सौर शहर

क्र.सं.	चिह्नित सौर शहर	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
1	माजुली	असम
2	बोधगया	बिहार
3	राजगीर	बिहार
4	वैशाली	बिहार
5	न्यु रायपुर	छत्तीसगढ़
6	चंडीगढ़	चंडीगढ़
7	एनडीएमसी	दिल्ली
8	द्वारका	गुजरात
9	पंचकुला	हरियाणा
10	शिमला	हिमाचल प्रदेश
11	गिरिडीह	झारखंड
12	बीदर	कर्नाटक
१३	बेल्लारी में होस्पेट	कर्नाटक
14	तिरुवनंतपुरम	केरल
15	सांची	मध्य प्रदेश
16	पश्चिमी गारो हिल्स का तुरा टाउन	मेघालय
17	भुवनेश्वर	ओडिशा
18	जैसलमेर	राजस्थान
19	पुष्कर	राजस्थान
20	अयोध्या	उत्तर प्रदेश
21	प्रयागराज	उत्तर प्रदेश
22	देहरादून	उत्तराखंड
23	बीरभूम, शांतिनिकेतन में प्रांतिक	पश्चिम बंगाल
24	शहीद द्वीप	अण्डमान और निकोबार
25	अमृतसर	पंजाब
26	जोरेथांग	सिक्किम
27	उदयपुर टाउन	त्रिपुरा
28	सैतुअल	मिजोरम
29	दीव सिटी	डीएनएच और डीडी
30	दमनवाड़ा पंचायत	डीएनएच और डीडी
31	पणजी	गोवा
32	दीमापुर	नागालैंड
33	कोहिमा	नागालैंड
34	जम्मू	जम्मू और कश्मीर

*****